हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, मंगलवार 7 जुलाई 2026

13 पहले ही मैच में मेजबान वीडीजेएस की धमाकेदार जीत



14 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत नहीं मिली सब्सिडी...



## खबर संक्षेप

### गुजवि में फ्रेंच एवं जर्मन के ए-2 पाठ्यक्रम शुरू

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग की ओर से विदेशी भाषा शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण पहल की गई है। विभाग ने फ्रेंच एवं जर्मन भाषा के ए-2 स्तर के पाठ्यक्रम भी प्रारंभ कर दिए हैं। विश्वविद्यालय ने जापानी भाषा में ए-1 पाठ्यक्रम शुरू किया है। साथ ही फ्रेंच व जर्मन भाषा में ए-2 पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। ए-2 स्तर विद्यार्थियों को भाषा में अधिक दक्ष बनाते हुए उच्च शिक्षा, अंतर्राष्ट्रीय छात्रवृत्ति, शोध तथा रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करेगा। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विदेशी भाषा शिक्षा के विस्तार की इसी श्रृंखला में विभाग द्वारा सत्र 2026-27 से जापानी भाषा के ए-1 स्तर का पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। फ्रेंच, जर्मन एवं जापानी भाषा के ए-1 स्तर के प्रत्येक पाठ्यक्रम में 60-60 सीटें, जबकि ए-2 स्तर के फ्रेंच एवं जर्मन पाठ्यक्रमों में 30-30 सीटें उपलब्ध हैं।

### इंटीग्रेटेड बीसीए-एमसीए की दूसरी काउंसलिंग आज

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग (सीएसई) द्वारा संचालित एआईसीटीई अनुमोदित इंटीग्रेटेड बीसीए-एमसीए (सत्र 2026-27) की दूसरी फिजिकल काउंसलिंग 7 जुलाई को प्रातः 10 बजे आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उद्योगों की बढ़ती मांग तथा विद्यार्थियों की इस कार्यक्रम के प्रति बढ़ती रुचि को देखते हुए विश्वविद्यालय ने इस वर्ष इंटीग्रेटेड बीसीए-एमसीए कार्यक्रम में सीटों की संख्या 120 से बढ़ाकर 180 कर दी है। विभागाध्यक्ष प्रो. ओम प्रकाश सांगवान ने बताया कि प्रथम काउंसलिंग के उपरांत कुल 180 सीटों में से 133 सीटों पर प्रवेश हो चुका है, जबकि 47 सीटें अभी रिक्त हैं।

### एचएयू में होंगे निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में जुलाई से सितंबर तक विभिन्न विषयों पर तीन से पांच दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों में मधुमक्खी पालन, संरक्षित खेती/पॉलीहाउस में सब्जी उत्पादन, बेकरी, कटाई एवं सिलाई, नर्सरी रेजिंग, केंचुआ खाद उत्पादन, सोयाबीनः सोया दूध तैयार करना शामिल है। इसके अतिरिक्त डेयरी फार्मिंग तथा मशरूम उत्पादन तकनीक पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रदेश के किसी भी वर्ग एवं आयु के इच्छुक महिला एवं पुरुष भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय की ओर से प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा।

### आभूषण व नकदी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** पड़ाव चौकी पुलिस ने अम्बेडकर बस्ती क्षेत्र में हुई चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी व भौतिक साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए बस्ती के ही रजनीश को गिरफ्तार किया। चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि इस संबंध में 23 जून को भिवानी जिले के गोलागढ़ निवासी एवं अंबेडकर बस्ती में रह रहे संजय की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि वह अपने किसी आवश्यक कार्य से अपनी ससुराल गया हुआ था। इसी दौरान किसी ने उसके घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण एवं नकदी चोरी कर ली।

## जल आंदोलनः हांसी-बरवाला रोड पर दो घंटे जाम लगाकर किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

बरवाला रोड स्थित गांव चानौत में पेयजल की मांग पर चल रहे आंदोलन के 52वें दिन भाखड़ा पाइपलाइन से टी-कनेक्शन देकर पेयजल उपलब्ध कराने की मांग पर ग्रामीणों ने दोपहर को सड़क पर टेंट लगाकर हांसी बरवाला रोड जाम कर दिया।

जाम लगाने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। ग्रामीणों के अनुसार गांव में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है। इसी मांग पर उन्होंने 16 मई से धरना शुरू किया था, जो अब तक जारी है।

इस आंदोलन को विभिन्न राजनीतिक दलों के कई वरिष्ठ नेताओं का समर्थन भी मिल चुका है, लेकिन सरकार अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाल पाई है। आंदोलन के दौरान ग्रामीणों ने पूर्व में दी गई चेतावनी के अनुसार सोमवार दोपहर एक से तीन बजे तक दो घंटे हांसी-बरवाला रोड जाम कर सरकार के खिलाफ रोष जताया।

# 24 गांव संभालेंगे चानौत धरने की जिम्मेदारी

■ रोघी-बूरा खाप के 24 गांवों के सरपंचों की बैठक आज, धरनास्थल पहुंचेंगी कई जिलों की खापें



### रूट डायवर्ट किया

आंदोलनकारियों द्वारा दी गई सड़क जाम की चेतावनी के अनुसार पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर अतिरिक्त बल तैनात किया तथा आंदोलनकारियों की दो घंटे रोड जाम की चेतावनी के मद्देनजर हांसी बरवाला रोड पर जाम के दौरान रुट को डायवर्ट को वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से निकाला गया। हालांकि इस दौरान वाहन चालकों, यात्रियों तथा राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। दो घंटे की समय-सीमा समाप्त होने पर ग्रामीणों ने जाम खोल दिया जिसके बाद यातायात व्यवस्था सुचारू हो गई

### अंतिम सांस तक अपनी लड़ाई लड़ेंगे : कमेटी

धरना कमेटी ने आंदोलन को लेकर बड़ा फैसला लेते हुए घोषणा की कि अब रोघी और बूरा खाप के 24 गांव बारी-बारी से चानौत धरना कमेटी के साथ आंदोलन का संचालन करेंगे। तय व्यवस्था के अनुसार हर दिन एक गांव धरनास्थल की पूरी जिम्मेदारी संभालेगा। उस दिन संबंधित गांव की पूरी पंचायत, महिला शक्ति और ग्रामीण चानौत पहुंचेंगे तथा धरने की सभी व्यवस्थाएं देखेंगे। धरना कमेटी ने कहा कि सरकार चाहे आंदोलन को कितना भी लंबा खींचे, ग्रामीण अपनी मांग पूरी होने तक पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि हम अंतिम सांस तक अपनी लड़ाई लड़ेंगे। धरना कमेटी ने यह भी बताया कि मंगलवार को रोघी और बूरा खाप के सभी 24 गांवों के सरपंच चानौत धरना स्थल पर कमेटी के साथ बैठक करेंगे, जिसमें आंदोलन की आगामी रणनीति और जिम्मेदारियों पर चर्चा कर आगे की रूपरेखा तय की जाएगी। आंदोलन को समर्थन देने के लिए बुधवार को 36 खाप पंचायतों के प्रतिनिधि धरनास्थल पर पहुंचेंगे। आंदोलन समिति के अनुसार आज रोहतक, झज्जर, सोनीपत और दिल्ली देहात की विभिन्न खाप पंचायतों के प्रतिनिधि चानौत पहुंचकर ग्रामीणों के आंदोलन के समर्थन का ऐलान करेंगे तथा आगामी रणनीति पर भी चर्चा करेंगे।

## जिम संचालक हत्याकांडः बहादुरगढ़ मुठभेड़ पर लॉरेंस गैंग का पलटवार

# फर्जी था एनकाउंटर, शूटरों को केरल से लाई थी पुलिस

■ कहा-हमारे पास हैं सबूत


हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

फव्वारा चौक पर 25 दिन पहले 11 जून हुए जिम संचालक कपिल रेढू हत्याकांड में नया मोड़ आ गया है। हरियाणा एसटीएफ और दिल्ली पुलिस द्वारा रविवार तड़के बहादुरगढ़ में किए गए ज्वाइंट एनकाउंटर को लॉरेंस गैंग ने पूरी तरह फर्जी करार दिया है।

गैंग का दावा है कि पुलिस दोनों शूटरों को केरल से हिरासत में लेकर आई थी और उनके पास इसके पुख्ता सबूत हैं। लॉरेंस गैंग के सदस्य सुंदर टकला ने सोशल मीडिया पर एक लंबी पोस्ट साझा कर पुलिस कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए हैं। पोस्ट में गैंगस्टर का दावा है कि मारे गए दोनों आरोपियों को पुलिस ने केरल से पकड़ा था। पुलिस उन्हें वहां से अवैध रूप से उठाकर लाई है, जिसके सीसीटीवी फुटेज गैंग के पास मौजूद हैं। एनकाउंटर के वक्त दोनों शूटरों के पास कोई हथियार नहीं था।

सुंदर ने दावा किया कि जिस पिस्तौल से हांसी में जिम संचालक का मर्डर हुआ था, वह पहले से ही हांसी सीआईए-2 के पास जमा है। ऐसे में मुठभेड़ की कहानी झूठी है। पोस्ट में आरोप लगाया गया कि जिस कपिल रेढू का मर्डर हुआ था, उसे हांसी पुलिस ने पहले पैसे लेकर छोड़ दिया था। पुलिस अब अपनी नाकामी छिपाने के लिए एनकाउंटर का सहारा ले रही है।

### सुंदर टकला ने किया दावा


राम राम सभी भाइयों को
मैं सुन्दर हांसी भाइयों ये जो आज हमारे दो भाइयों का एनकाउंटर हुआ है ये बिल्कुल ही फेक है इनको केरल से उठा के लाये है पुलिस वाले इनके सीसीटीवी है हमारे पास ये पुलिस का फेलियर का सबसे बड़ा सबूत है रही बात जो इन भाइयों ने मडर किया था वो एक क्रिमनल था उसको हांसी पुलिस ने पहले भी पसे लेकर छोड़ा था और इन दोनों के पास कोई हथियार नहीं था जिस से मडर हुआ था वो समान हांसी c i a 2 ke pas h ओर जो जो इस फर्जी एंकाउंटर को असली एनकाउंटर बता के अपने आप को हीरो समझ रहे है ये सबसे बड़े नकली है और ये मत समझना ये दो नुकसान होने से मैं रुक जाऊगा मेरी हक की लड़ाई थी जो म लड़ रहा था अब में कसूर और बे कसूर नहीं देखूँगा जो मेरे रस्ते में आया वो मरेगा ओर हम पूरी दुनिया में फैले हुए हैं जहाँ जिसका कोई मिल गया वहीं मरेगा ओर हमारे पास हमारे भाइयों की कमी भी नहीं और लड़ाई कुर्बानी मांगती है वो देनी पड़ती है इस बात से नहीं घबराएंगे ना हम न हमारे भाई अगला दुश्मन तैयार रहे आ रहे है !

### खुली धमकीः हम रुकेंगे नहीं अगला दुश्मन तैयार रहे

सुंदर टकला ने पोस्ट के अंत में पुलिस और विरोधियों को खुली चुनौती देते हुए लिखा कि इस नुकसान से सुंदर रुकने वाला नहीं है। अब मैं कसूरवार और बेकसूर नहीं देखूंगा, जो भी रास्ते में आया वो मारा जाएगा। इस नुकसान का दुगना भुगतान करना पड़ेगा। अगला दुश्मन तैयार रहे। पोस्ट के आखिर में लॉरेंस बिश्नोई, संदीप सेठी और गोगी मान ग्रुप जैसे बड़े गैंग्स के नाम लिखे गए हैं।

### जानिए...क्या था पूरा मामला?

बता दें कि 11 जून को हांसी में 25 वर्षीय जिम संचालक कपिल रेढू की अंधाधुंध गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसमें एक युवती भी घायल हुई थी। मर्डर के महज 5 घंटे बाद लॉरेंस गैंग के हैरी बॉक्सर ने सोशल मीडिया पर इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली थी। तभी से पुलिस इन शूटरों की तलाश में जुटी हुई थी। रविवार अल सुबह बहादुरगढ़ में हरियाणा एसटीएफ और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दोनों मुख्य आरोपियों को ढेर कर दिया था।

# देह व्यापार की सूचना पर पुलिस का छापा, 18 महिलाएं रेस्क्यू

## यूपी, पंजाब, दिल्ली समेत कई राज्यों से लाई जाती थीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले में होटलों की आड़ में संचालित देह व्यापार और अन्य अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो होटलों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 18 महिलाओं को रेस्क्यू किया गया, जबकि होटल ए टू ज़ेड के मालिक और होटल बलिश के मैनेजर को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ इमोरल ट्रैफिकिंग समेत संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस प्रवक्ता मदनलाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर डीएसपी वुमेन सेफ्टी प्रिया शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने थाना अर्बन एस्टेट क्षेत्र स्थित होटल बलिश और ए टू ज़ेड होटल में योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी। छापेमारी के दौरान कई युवक-युवतियां होटल के कमरों में आपत्तिजनक परिस्थितियों में मिले। सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई और जांच के आधार पर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई।


हिसार। होटल से रेस्क्यू की गई महिलाओं के साथ डीएसपी प्रिया शर्मा।

### दो होटल संचालकों पर मामला दर्ज

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इन होटलों में देह व्यापार के लिए महिलाओं को उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों से लाया जाता था। पुलिस ने मौके से 18 महिलाओं को सुरक्षित रेस्क्यू किया। जांच में होटल संचालकों की संलिप्तता पाए जाने पर उनके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि होटल, गेस्ट हाउस और लॉज संचालकों की जिम्मेदारी है कि वे कानून के दायरे में रहकर अपना व्यवसाय संचालित करें। यदि किसी भी प्रतिष्ठान का उपयोग देह व्यापार या अन्य अनैतिक गतिविधियों के लिए किया गया तो उसके संचालक, प्रबंधक और इसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# वेंटिलेटर न मिलने से नवजात की मौत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सख्त

◆ मुख्य सचिव से 14 दिन में मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नागरिक अस्पताल और रोहतक पीजीआई में वेंटिलेटर न मिलने के कारण एक दिन के मासूम बच्चे की मौत के मामले को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बेहद गंभीरता से लिया है। आयोग ने इस लापरवाही पर कड़ा संज्ञान लेते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव को नोटिस जारी किया है और दो सप्ताह के भीतर पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं।

महावीर कॉलोनी की निवासी ज्ञानती ने बताया कि उनके भाई राकेश की पत्नी पूजा को प्रसव पीड़ा के चलते नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां बुधवार सुबह ऑपरेशन से पूजा ने एक बेटे को जन्म दिया। जन्म के तुरंत बाद नवजात को सांस लेने में दिक्कत होने लगी, जिसके बाद उसे नीकू वार्ड में ले जाया गया।

### पीजीआई रोहतक किया था रेफर

करीब डेढ़ घंटे बाद डॉक्टरों ने वेंटिलेटर खाली न होने की बात कहकर बच्चे को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। परिजन एंबुलेंस से तुरंत रोहतक पीजीआई पहुंचे, लेकिन वहां भी बदइंतजामी का आलम रहा। डॉक्टरों ने वेंटिलेटर की व्यवस्था होने का आश्वासन तो दिया, लेकिन पूरी रात नवजात को बिना वेंटिलेटर के रखा गया। अगले दिन सुबह नर्सिंग ऑफिसर ने साफ कह दिया कि वेंटिलेटर की कोई व्यवस्था नहीं है, इसलिए बच्चे को कहीं और ले जाएं।

### 3 दिन तक वेंटिलेटर के लिए भटकते रहे परिजन

पीजीआई से जवाब मिलने के बाद बेबस परिजन गुरुवार को प्राइवेट एंबुलेंस के जरिए नवजात को वापस हिसार लेकर आ रहे थे। रास्ते में बच्चे की सांसें चल रही थीं, लेकिन हिसार पहुंचते ही जब उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया, तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और उनका कहना है कि अगर समय रहते सरकारी अस्पतालों में वेंटिलेटर मिल जाता, तो बच्चे की जान बचाई जा सकती थी।

### अस्पताल प्रशासन की सफाई

इस घटना के बाद नागरिक अस्पताल की पीएमओ ने सफाई देते हुए कहा था कि अस्पताल के नीकू वार्ड में केवल एक ही वेंटिलेटर उपलब्ध है, जिस पर पहले से ही एक अन्य बच्चा भर्ती था। इसी मजबूरी के कारण नवजात को रोहतक पीजीआई रेफर किया गया था।

## लोहारी राघो में युवक की मौत से सनसनी

# पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव, परिजन बोले- हत्या कर लटकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

क्षेत्र के गांव लोहारी राघो में सड़क किनारे पेड़ पर एक युवक का शव लटका हुआ मिला। शव को देख पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है। पुलिस और फोरेंसिक टीम मामले की गहनता से जांच करने में लगी हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया है।

सोमवार की सुबह नारनौंद उपमंडल के गांव लोहारी राघो में उस समय सनसनी फैल गई जब गांव के ही एक युवक 28 वर्षीय बिट्टू का शव गांव के बाहर सड़क के किनारे एक शीशम के पेड़ पर लटका हुआ मिला। युवक का शव किसी रस्सी से नहीं बल्कि उसकी खुद की टी-शर्ट का फंदा बनाया गया था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना युवक के परिजनों और पुलिस को दी।



### डायल 112 टीम मौके पर पहुंची

सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी नारनौंद थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नारनौंद थाना प्रभारी रमेश कुमार भारी पुलिस बल और युवक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घटना स्थल की बारीकी से जांच करवाने के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया, जिसने घटना स्थल पर पहुंचकर जरूरी साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हांसी के सामान्य अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा जहां पर उसका पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों के हवाले कर दिया। मृतक बिट्टू अपने तीन भाई बहनों में सबसे बड़ा बताया जा रहा है।

### मृतक के दोनों पैर जमीन पर थे टिके

मृतक के परिजनों ने बताया कि बिट्टू हलवाई का काम करता था और रविवार की रात को करीब 10 बजे खाना खाने के बाद वह बाहर घूमने के लिए निकला था लेकिन देर रात तक घर नहीं आया। लेकिन सोमवार की सुबह करीब पांच बजे ग्रामीणों ने सूचना दी कि गांव के बाहर नारनौंद सड़क मार्ग पर सड़क किनारे एक युवक का शव लटका हुआ है। जब वहां मौके पर पहुंचे तो देखा कि उनका ही बेटा बिट्टू टी-शर्ट से के सहारे पेड़ पर लटका हुआ था और उसके दोनों पांव जमीन पर टिके हुए थे। पुलिस के सामने मृतक के परिजनों ने बताया कि बिट्टू की मौत साधारण मौत या सुसाइड नहीं है। बल्कि घटना स्तर पर ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे उसकी हत्या करके उसके शव को फंदे पर लटकाया गया हो। क्योंकि बिट्टू का शव उसकी ही टीशर्ट के सहारे शीशम के पेड़ से लटका हुआ था और उसके दोनों पांव जमीन पर टिके हुए थे। ऐसी हालत में कोई भी व्यक्ति सुसाइड नहीं कर सकता।

### घटना की जांच जारी

फोरेंसिक की टीम को बुलाकर हर पहलू से घटना की जांच की गई है। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही असली कारण का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

**बड़ा कदम** केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान को सीएसवी-59 बीएमआर ज्वार पर अनुसंधान परियोजना सौंपी

# पशुओं का दूध व सेहत बढ़ाएगी 'सीएसवी-59 बीएमआर' ज्वार

■ पशु पोषण में सुधार के लिए आईसीएआर के दो शीर्ष संस्थानों ने मिलाया हाथ

■ उन्नत चारा किस्म 'सीएसवी-59 बीएमआर' पर शुरू किया वैज्ञानिक अनुसंधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अंतर्गत आने वाले ग्लोबल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑन मिलेट्स ने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और पशु पोषण को बेहतर करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। संस्थान ने यहां स्थित केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान (सीआईआरबी) के न्यूट्रिशन डिवीजन को 'सीएसवी-59 बीएमआर (ब्राउन मिडरिब) ज्वार' पर शोध करने के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण और बड़ी अनुसंधान परियोजना सौंपी है। यह पूरी परियोजना संस्थान के जाने-माने वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अभिजीत डे के कुशल मार्गदर्शन में पूरी की जाएगी।



### ये है परियोजना का उद्देश्य

इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत सीआईआरबी के रिसर्च फार्म में विशेष रूप से सीएसवी-59 बीएमआर ज्वार की खेती की जाएगी। इस उन्नत किस्म से तैयार होने वाले लहलहाते हरे चारे को भैंसों को खिलाया जाएगा। इसके बाद वैज्ञानिकों की एक टीम इस बात का बारीकी से वैज्ञानिक अध्ययन करेगी कि इस चारे से भैंसों के दुग्ध उत्पादन में कितनी वृद्धि होती है। पोषक तत्वों की पाचन क्षमता पर क्या असर पड़ता है, पशुओं के समग्र स्वास्थ्य और प्रदर्शन में क्या सकारात्मक बदलाव आते हैं।

### किसानों में दिखा भारी उत्साह

हाल ही में केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान में आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर के किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रगतिशील किसानों ने इस तकनीक को लाइव देखा। परियोजना के मुख्य मार्गदर्शक डॉ. अभिजीत डे ने किसानों को संस्थान के खेतों का दौरा कराया और लहलहा रही सीएसवी-59 बीएमआर ज्वार की फसल दिखाते हुए इसके पोषण मूल्य और डेयरी व्यवसाय में होने वाले बंपर मुनाफे के बारे में विस्तार से समझाया। नई किस्म के जादुई फायदों को देखकर किसानों ने भारी उत्साह दिखाया और भविष्य में अपने खेतों में इस उन्नत चारे को उगाने का संकल्प लिया।

### 'सीएसवी-59 बीएमआर ज्वार की ये है ख्यासियत

वैज्ञानिकों के अनुसार, चारे की यह नई किस्म सामान्य चारे के मुकाबले कई गुना अधिक फायदेमंद है। इस उन्नत किस्म की सबसे बड़ी यूएसपी यह है कि इसमें 'लिग्निन' की मात्रा बहुत कम होती है। लिग्निन एक ऐसा तत्व है जो चारे को सख्त बनाता है और पशु उसे आसानी से पचा नहीं पाते। लिग्निन कम होने के कारण भैंसें इसे बेहद आसानी से पचा लेती हैं, जिससे उनके शरीर को पूरा पोषण मिलता है और सीधे तौर पर दूध देने की क्षमता बढ़ जाती है। यह एक 'सिंगल-कट' ज्वार की किस्म है। इसके हरे चारे की औसत पैदावार 300 से 350 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक होती है, जिससे किसानों को चारे की कमी से जूझना नहीं पड़ेगा। इस चारे में क्रूड प्रोटीन की मात्रा लगभग 8 से 9 प्रतिशत पाई जाती है, जो पशुओं के शारीरिक विकास और गाढ़े व गुणवत्तापूर्ण दूध के लिए बेहद जरूरी है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में गई दो लोगों की जान

**हिसार।** बालसमंद और बुडाक गांव के बीच रविवार रात करीब आठ बजे एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान पनिहार चक्क निवासी 39 वर्षीय विनोद के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, विनोद राजस्थान के निणान गांव से बाइक पर गांव लौट रहा था, तभी रास्ते में यह हादसा हुआ। राहगीरों ने गंभीर रूप से घायल विनोद को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान देर रात उसने दम तोड़ दिया।

उधर, गोरछी से बासड़ा रोड पर रविवार रात आठ बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान गोरछी गांव के 45 वर्षीय सुरेंद्र कुमार के रूप में हुई है, जो बासड़ा गांव में अपनी मजदूरी के पैसे लेने जा रहा था। रास्ते में एक बेसहारा पशु सामने आने से उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गंभीर रूप से घायल सुरेंद्र को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

### गर्मी में चक्कर खा युवक सीढ़ियों से गिरा, मौत

मिलगेट एरिया स्थित न्यू विनोद नगर में रविवार रात साढ़े सात बजे गर्मी के कारण चक्कर आने से सीढ़ियों से गिरकर एक 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। विक्की ऑटो चलाता था। परिजनों के अनुसार, विक्की पहली मंजिल पर खाना लेने गया था, तभी गर्मी-उमस में उसे चक्कर आ गया और वह सीढ़ियों पर गिर गया। गंभीर हालत में उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हरिभूमि
रोहतक,मंगलवार
7 जुलाई 2026

# सहेली



आज की स्त्री केवल घर-परिवार की तमाम जिम्मेदारियों के बीच दबकर नहीं रहना चाहती। वह साझा जिम्मेदारियों में यकीन करती है। वह अपनी परंपरागत छवि से निकलकर ऐसी जिंदगी जीना चाहती है कि उसे परिवार-समाज में मान-सम्मान मिले, उसका भी एक अस्तित्व हो। पर्सनल लाइफ में ही नहीं, प्रोफेशनल लाइफ में भी वह डिसीजनमेकर बने। नए दौर की स्त्री, आत्मविश्वासी होकर स्वाभिमान से जीवन जीना चाहती है। वह अपनी अस्मिता को लेकर पूरी तरह जागरूक रहती है।

## अपनी अस्मिता के लिए जागरूक आज की स्त्री

कवर स्टोरी

शिखर चंद जैन

स्त्री को सदैव सौम्यता की प्रतिमूर्ति माना गया है। जॉन ग्रे की प्रसिद्ध पुस्तक 'पुरुष मंगल से हैं, स्त्रियां शुक्र से', इस बात की पुष्टि करती है। मतलब स्त्रियां सौम्य और कोमल स्वभाव की होती हैं। आमतौर पर परिवार के सभी सदस्यों की देखभाल की भूमिका निभाती हैं। लेकिन आज सामाजिक परिवेश ही नहीं, व्यक्तिगत सोच भी तेजी से बदल रही है। स्त्रियां अब केवल 'वीनस' यानी अपनी सौम्य और पारंपरिक छवि से बाहर ही नहीं निकल रही हैं। वे मंगल यानी साहस और नेतृत्व के गुणों को भी अपना चुकी हैं। स्त्रियों की छवि अब केवल त्याग की प्रतिमूर्ति वाली नहीं रही, अब उनकी पहचान एक निर्णय लेने वाली, आत्मविश्वास से भरी स्त्री के रूप में उभरी है। पहले स्त्रियों को केवल 'देखभाल' और 'ममता' से जोड़कर देखा जाता था। आज उनकी छवि 'अल्फा फी-मेल' की है, जो घर और ऑफिस दोनों मोर्चों पर नेतृत्व करती हैं। अब वे केवल एक 'सपोर्ट सिस्टम' नहीं, बल्कि 'सिस्टम' चलाने वाली बन गई हैं।

### स्वयं की पहचान पहले

आधुनिक स्त्रियों की आदतों में एक बड़ा बदलाव यह आया है कि वे दूसरों की जरूरतों से पहले अपने आत्म-सम्मान और करियर को प्राथमिकता देने लगी हैं। आज स्त्रियों के लिए उनकी अपनी पहचान किसी भी रिश्ते से ऊपर है। वे खुद को खोकर किसी रिश्ते को बचाने के पक्ष में नहीं हैं। इससे पारंपरिक ढांचे से अलग 'जेंडर रोल्स' यानी लिंग आधारित भूमिकाएं अब अप्रासंगिक हो रही हैं।

### आर्थिक स्वतंत्रता का प्रभाव

महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता ने रिश्तों के समीकरण बदल दिए हैं। अब वे केवल सुरक्षा के लिए रिश्तों में नहीं रहतीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव को प्राथमिकता देती हैं। खर्च करने और निवेश करने की आदतों में महिलाएं अब पुरुषों पर निर्भर नहीं हैं। वे अपनी वित्तीय योजनाएं खुद बनाती हैं, जो उनकी बढ़ती आत्मनिर्भरता का द्योतक है। अपनी कमाई को अपनी पसंद पर खर्च करना



और अपने सपनों जैसे अकेले यात्रा करना या शौक पूरे करने के लिए समय निकालना उनकी जीवनशैली में शामिल हो गया है।

### भावनात्मक अपेक्षाएं

आज की स्त्रियां अपने साथी से केवल घर चलाने में मदद नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्तर पर गहरी समझ और साझेदारी की उम्मीद करती हैं। बदलते सामाजिक ढांचे के कारण पुरुषों और स्त्रियों के बीच जो 'एक्सपेक्टेशन गैप' यानी अपेक्षाओं का अंतर पैदा हुआ है, उसे समझना ही सुखद जीवन की कुंजी है।



### संचार का नया तरीका

आज की स्त्रियों के लिए संवाद केवल समस्याओं को सुलझाने के लिए नहीं, बल्कि अपनी पहचान और व्यक्तिगत स्पेस को परिभाषित करने के लिए भी जरूरी हो गया है। आज स्त्री-पुरुष के बीच समानता के भाव आपसी टकराव की समस्या का निदान है। रिश्तों में 'शक्ति प्रदर्शन' के बजाय 'समान भागीदारी' ही वह रास्ता है, जिससे 'वीनस' और 'मार्स' के बीच की दूरी कम की जा सकती है। स्त्रियां अब 'मौन' रहने के बजाय, अपनी बात मुखरता से रखना पसंद करती हैं। रिश्तों में अपनी सीमाओं को तय करना अब उनकी आदत बन गई है।

### पारिवारिक समीकरणों में बदलाव

आज की महिलाएं घर के कामों को केवल 'अपनी जिम्मेदारी' समझने के बजाय इसे साझा जिम्मेदारी के रूप में देखती हैं, परिवार के सदस्यों में काम के बंटवारे की मांग करती हैं। घर और करियर के बीच संतुलन बनाना अब केवल महिलाओं की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक साझा पारिवारिक प्रयास है। अपनी पसंद-नापसंद को स्पष्ट रूप से कहना अब जरूरी माना जाने लगा है। वे अब रिश्तों में 'एडजस्टमेंट' के नाम पर अपने अस्तित्व से समझौता नहीं करना चाहतीं।

### सोशल नेटवर्किंग से जुड़ाव

आज की स्त्रियों की आदतों में डिजिटल साक्षरता और सोशल नेटवर्किंग शामिल हो गई है। वे दुनिया भर की जानकारियों से अपडेट रहती हैं, जिससे उनकी सोच का दायरा बंधी सीमाओं को पार कर गया है।

### अपेक्षाओं का नया स्तर

आज की स्त्रियां जीवन साथी से केवल सुरक्षा नहीं, बल्कि बौद्धिक और मानसिक बराबरी की उम्मीद करती हैं। उनकी अपेक्षाएं अब पारंपरिक मानदंडों से कहीं अधिक ऊंची हैं। पहले वे छोटे-बड़े फैसलों के लिए पुरुष पर निर्भर रहती थीं। आज अधिकांश महिलाएं महत्वपूर्ण निर्णय खुद ले रही हैं।

### स्वास्थ्य के प्रति सजगता

अपनी सेहत को नजरअंदाज करने की पुरानी आदत को छोड़कर, अब महिलाएं योग, जिम और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे रही हैं। अब कोई महिला 'जीरो फिगर' के पीछे भागने के बजाय 'मजबूत शरीर' और 'सक्रिय जीवनशैली' को अपनी आदत बना रही है। उसके लिए फिटनेस अब सुंदरता के लिए नहीं, बल्कि शक्ति के लिए है।

### भावनात्मक आत्मनिर्भरता

पहले स्त्रियों को भावनात्मक रूप से कमजोर माना जाता था। आधुनिक स्त्रियां अब अपनी खुशी के लिए किसी और पर निर्भर नहीं हैं। उन्होंने अपनी आदतों में 'सेल्फ-लव' और मानसिक मजबूती को शामिल कर लिया है। पारंपरिक बेड़ियों का त्याग करके वे अब उन आदतों और रीति-रिवाजों को चुनौती दे रही हैं, जो उसकी प्रगति में बाधक हैं। पितृसत्तात्मक सोच को नकारने में वे अब हिचक नहीं रही हैं।

### करियर और महत्वाकांक्षा

आज की स्त्रियों के लिए अब काम करना केवल समय बिताने का जरिया नहीं, बल्कि उनकी पहचान का हिस्सा है। उनकी आदतों में अब 'नेटवर्किंग', 'कौशल विकास' और 'वैश्विक प्रतिस्पर्धा' प्राथमिकता पर हैं। आधुनिक स्त्रियों ने अपनी आदतों में 'डेलिगेशन' (काम सौंपना) सीख लिया है। वह हर काम खुद करके थकने के बजाय तकनीक और संसाधनों का स्मार्ट उपयोग कर रही हैं। कहने का सारांश यही है कि आज की स्त्रियां आत्मनिर्भर हो रही हैं, अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए वे पूरी तरह जागरूक हैं। ❁

कभी-कभी गुस्सा, चिंता, उदासी, डर, अपराधबोध और आत्ममुग्धता जैसी नकारात्मक भावनाएं भी हमें सही दिशा देकर सफलता और सुखी जीवन की राह पर लाती हैं। इस बारे में जानिए।

## कभी-कभी नकारात्मक भाव भी आपके लिए हो सकते हैं फायदेमंद

मनोभाव

अंजू जैन



यह बात पूरी तरह सच नहीं है कि केवल सकारात्मक भावनाएं ही जीवन में सफलता लाती हैं। कई बार बुरा वक्त और गुस्सा, चिंता, डर और अपराधबोध जैसी 'नकारात्मक भावनाएं' भी सफलता और विकास के लिए शक्तिशाली उपकरण साबित होती हैं। अपने पूरे व्यक्तित्व को स्वीकार करना सफलता और संतुष्टि के लिए जरूरी है। समय-समय पर दुनिया भर के मनोविज्ञानियों, व्यवहार विशेषज्ञों और समाजशास्त्रियों द्वारा किए गए अध्ययनों से यह साबित हुआ है कि नकारात्मक बातें भी हमारे लिए उपयोगी साबित होती हैं, कैसे जानिए-

**गुस्से की शक्ति:** गुस्सा हमेशा बुरा नहीं होता। यह वो ऊर्जा है, जो हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने की शक्ति देता है। जब हम किसी बात पर गुस्सा होते हैं, तो हमारा शरीर सक्रिय हो जाता है। गुस्से को यदि सही ढंग से इस्तेमाल किया जाए, तो यह अपनी सेल्फ रेस्पेक्ट की रक्षा करने और समस्याओं को हल करने में ईंधन का काम करता है। गुस्सा हम में अधिकार की भावनाओं को मजबूत करने में मदद कर सकता है।



**चिंता एक रक्षा तंत्र है:** चिंता हमें संभावित खतरों के प्रति सचेत करती है, विपरीत परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देने में सक्षम बनाती है। चिंता के वक्त हम अपने विभिन्न सहायता सूत्रों और अपनी छिपी हुई प्रतिभा का पता लगाने में सक्षम हो जाते हैं।

**अपराधबोध सुधार का मार्ग है:** अपराधबोध हमें अपनी गलतियों को सुधारने और एक बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित करता है। जब हमें अपराधबोध होता है, तो हम अपने व्यवहार को सुधारने और दूसरों के साथ संबंध ठीक करने की कोशिश करते हैं। यह हमें नैतिक बनाए रखने में भी मददगार होता है।

**ऊब-उदासी-दुःख से सीख:** उदासी या ऊब जैसी असहज भावनाएं हमें अधिक विचारशील, साहसी और दूसरों के प्रति दयालु बनाने में मदद कर सकती हैं। अपने 'अंधेरे पक्ष' को दबाने के बजाय उसका उपयोग करके हम एक अधिक सार्थक और उद्देश्यपूर्ण जीवन जी सकते हैं। सच्चा व्यक्तिगत विकास तब होता है, जब हम असहज स्थितियों जैसे ऊब, दुःख या अकेलेपन का सामना करते हैं। ऊब हमें कुछ नया खोजने के लिए प्रेरित करती है, जबकि दुःख हमें गहराई से सोचने और दूसरों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने में मदद करता है।

**डर है सुरक्षा गार्ड जैसा:** रॉबर्ट बिस्वास-डाइनर और टॉड काशदान द्वारा लिखित पुस्तक 'द अपसाइड ऑफ योर डार्क साइड' में बताया गया है कि डर को खत्म करने के बजाय इसे एक ईंधन की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है। डर हमें गलतियों के प्रति सतर्क रखता है। आप चाहें तो 'डिफेंसिव पेसिमिज्म' का उपयोग कर सकती हैं। यह एक मनोवैज्ञानिक तकनीक है, जिसमें हम जानबूझकर सबसे खराब स्थिति की कल्पना करते हैं। जैसे खुद से पूछें, 'अगर मैं फेल हो गया तो सबसे बुरा क्या होगा?' जब आप सबसे बुरे परिणाम का अंदाजा लगाकर इससे निपटने की योजना बना लेती हैं, तो आपका दिमाग शांत हो जाता है, क्योंकि अब आपके पास एक 'प्लान बी' है। यह आपको निडर होकर काम करने की शक्ति देता है।

**आत्ममुग्धता के लाभ:** माना कि अत्यधिक आत्ममुग्धता बुरी है, लेकिन संतुलित रूप से आत्ममुग्धता स्वस्थ आत्मविश्वास के रूप में काम करती है। थोड़ा-सी आत्ममुग्धता व्यक्ति को साहसी बनाती है, जिससे वह भीड़ से अलग हटकर अपनी बात रख पाता है और कठिन नेतृत्व वाली भूमिकाएं निभाने में सक्षम होता है। आत्ममुग्धता के कुछ लक्षण व्यक्ति को अधिक उत्पादक, रचनात्मक और महत्वाकांक्षी बना सकते हैं। ❁

बच्चे और आप

डॉ. मोनिका शर्मा

अभिभावकों द्वारा कभी बच्चों को गुस्से में कहे गए शब्द, उनके मन में ऐसी खरोंच छोड़ जाते हैं, जिसके घातक परिणाम हो सकते हैं। इसलिए जरूरी है, बच्चों से कभी कुछ ऐसा ना बोलें, जो उनके दिल को गहरी चोट पहुंचाए, वे अपमानित महसूस करें।

## बालमन पर न पड़े शब्दों की खरोंच..



अभिभावक हर हाल में अपने बच्चों की बेहतरी ही चाहते हैं। उनके भविष्य को लेकर चिंतित रहते हैं। एक ही परिवार के सदस्य होने के नाते माता-पिता बच्चों से औपचारिक संवाद भी नहीं करते। उनकी बातें ज्यादातर स्पष्ट और सीधी होती हैं। समस्या यह है कि कई बार सीधे-सीधे कह दिए गए कुछ शब्द बच्चों के मन में गहरे घाव कर जाते हैं। हाल में हुई एक दुःखद घटना में कानपुर के चौबीस वर्षीय युवा का सुसाइड नोट पिता के कहे कुछ शब्द दिल में बसी निरादर यादें बनकर रह जाने का ही मामला है। उसने अपने सुसाइड नोट में पिता के अत्यधिक कठोर बर्ताव और बचपन के टॉर्चर को मौत की वजह बताया। बचपन में छोटी-छोटी गलतियों पर पिता की मार और मार्क्स कम आने पर घर से निकालने की धमकियां उसके लिए बहुत कड़वी यादें बन गई थीं।

**अपमान के घाव:** आमतौर पर बड़े सोचते हैं कि बच्चों को मान-अपमान का बर्ताव समझ में नहीं आता। सहज आक्रोश हो या तीखी बहस, बड़े बहुत कुछ बोलकर भूल जाते हैं। जबकि ऐसे ताने-उलाहने बच्चों के मन पर सदा के लिए अंकित हो जाते हैं। जीवन के शुरुआती पड़ाव पर ही अभिभावकों से भावनात्मक रूप से दूर हो जाते हैं। आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने वाले शब्दों से उनका आत्मविश्वास कमजोर हो जाता है। दुनिया के सबसे सुंदर रिश्ते में भी बच्चे असुरक्षित महसूस करने लगते हैं। जिन शब्दों को कहकर हम बड़े भूल जाते हैं, बच्चे याद रखते हैं। न केवल याद रखते बल्कि याद दिलाते भी हैं, 'आपने तो ऐसा कहा था ना!' आमतौर पर इंसान मन दुःखाने वाली बातों को कभी नहीं भुला पाता। बच्चों का मन तो और कोमल होता है। उपेक्षा, अपमान और उपहास बहुत शिद्दत से याद रखता है। कानपुर का उक्त मामला बताता है कि अभिभावक अपने शब्दों को जरा सधकर इस्तेमाल करें। अपनी शिकायत हो या समझाइश, थोड़ा ठहराव बरतें।

**इरादे पर भारी इमोशन:** कहे गए शब्दों से आहत होकर सुसाइड करने, घर छोड़ने या अपने अभिभावकों से दूरी बना लेने के मामले आए दिन सामने आते हैं। अभिभावक भी ऐसा कुछ होने पर उलझन में पड़ जाते हैं, क्योंकि उनका इरादा अपने बच्चे के मन को ठेस पहुंचाने का नहीं होता। कभी परिस्थितिवश भी बहुत कुछ कह बैठते हैं तो कभी लहजा सख्त हो जाता है। समझना जरूरी है कि बच्चे, बड़ों के मन में छिपे इमोशंस को नहीं देख पाते। अभिभावकों के भले इरादे पर भी बालमन की आहत भावनाएं भारी पड़ जाती हैं। वे अभिभावकों को सबक सिखाने की बात सोचने लगते हैं। इसी इमोशनल बहाव में कोई पीड़ादाई कदम उठा लेते हैं। कई बार उम्र के एक पड़ाव को पार करने के बाद बच्चे अपने मन में दबे इस अपमान और दुःख को और गहराई से महसूस करते हैं। अभिभावकों का हर बात में कंट्रोल करना और स्नेह नहीं जताना, बच्चों को जिंदगी के प्रति उदासीन बना देता है। इसीलिए अभिभावकों की मंशा ही नहीं मनोबल बढ़ाने या तोड़ने वाले शब्द भी मायने रखते हैं।

**दूसरों की मौजूदगी का दंश:** कड़वे शब्दों के साथ अगर उपहास और बेइज्जती भी जुड़ जाए तो यह दिल में कील की तरह धंस जाता है। दूसरों की मौजूदगी में किया गया अपमान बहुत गहरी टीस बन जाता है। इस युवा ने भी सुसाइड नोट में लिख छोड़ा है कि मोहल्ले और घर के बाहर अपशब्दों का इस्तेमाल कर अपमानित करने की पीड़ा उसे आज भी थी। आमतौर पर हमारे परिवारों में बड़े भी एक-दूसरे से यह कहते दिखते हैं कि 'यह बात मुझे अकेले में कहते।'फिर घर के बड़े बच्चों को कुछ कहते-समझाते हुए यह बात क्यों भूल जाते हैं? अभिभावक घर के बाहर डांटने-डपटने की गलती तो बिल्कुल न करें। अभिभावकों को समझना होगा कि बालमन पर शब्दों की खरोंच न पड़े। ❁

हेयर केयर

नैंसी गुप्ता

## हेयर मास्क से मानसून में बाल रहेंगे हेल्दी

बारिश का मौसम बालों के लिए कई समस्याएं लेकर आता है। इस मौसम में हवा में नमी बढ़ने के कारण बाल रूखे, बेजान और फ्रिजी हो सकते हैं। साथ ही स्कैल्प में पसीना और गंदगी जमा होने से डैंड्रफ, खुजली और बाल झड़ने जैसी परेशानियां भी बढ़ जाती हैं। ऐसे में बालों को स्वस्थ और मजबूत बनाए रखने के लिए अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होती है। अच्छी बात यह है कि कुछ आसान घरेलू हेयर मास्क की मदद से मानसून में भी बालों की चमक और मजबूती बनाए रखी जा सकती हैं। बारिश के मौसम में बालों की देखभाल के लिए कुछ प्रभावी घरेलू हेयर मास्क के बारे में यहां बता रहे हैं।



**दही-शहद का हेयर मास्क:** मानसून में बालों में नमी बनाए रखना बेहद जरूरी है। दही और शहद का मिश्रण बालों को गहराई से पोषण देने का काम करता है। इसके लिए दो चम्मच दही में एक चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट तैयार करें और बालों की लंबाई पर लगाएं। लगभग 20 मिनट बाद माइल्ड शैंपू से बाल धो लें। यह मास्क बालों को मुलायम और चमकदार बनाने में मदद करता है।



**करी पत्ता-नारियल तेल मास्क:** करी पत्ता बालों के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है। कुछ करी पत्तों को पीसकर नारियल तेल में मिलाएं और इस मिश्रण को बालों की जड़ों पर लगाएं। इससे उन्हें पोषण मिलेगा।

**केला-नारियल तेल मास्क:** बारिश के मौसम में फ्रिजी बालों की समस्या आम होती है। इसे कम करने के लिए पके हुए केले में एक चम्मच नारियल तेल मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इस मिश्रण को बालों पर 25 से 30 मिनट तक लगाकर रखें। इसके बाद बालों को धो लें। यह मास्क बालों को स्मूद बनाने के साथ-साथ उनकी प्राकृतिक चमक को भी बढ़ाता है।

**एलोवेरा-दही का मास्क:** यदि स्कैल्प में खुजली या डैंड्रफ की समस्या हो रही है, तो एलोवेरा और दही का हेयर मास्क फायदेमंद हो सकता है। दो चम्मच ताजा एलोवेरा जैल में दो चम्मच दही मिलाकर स्कैल्प और बालों पर लगाएं। यह मिश्रण स्कैल्प को ठंडक पहुंचाता है और बालों को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है।

**मेथी-दही का मास्क:** रातभर भिगोई हुई मेथी को पीसकर उसमें दही मिलाएं और बालों की जड़ों में लगाएं। लगभग आधे घंटे बाद बाल धो लें। यह मास्क बालों के झड़ने को कम करने और जड़ों को मजबूत बनाने में मदद करता है। ❁

**(हेयर एक्सपर्ट ऐशानी वर्मा से बातचीत पर आधारित)**

सजेशन

निधि गोयल

आप वर्किंग वूमेन हों या फिर हाउसवाइफ, अपनी फिटनेस पर पूरा ध्यान देना चाहिए। आपका बेली फैट न बढ़े, इसके लिए आप कुछ ईजी एक्सरसाइज को अपनी रूटीन में शामिल कर सकती हैं।

## ईजी एक्सरसाइज से बेली फैट होगा कम









आज के दौर में कॉलेज गोइंग गर्ल्स से लेकर वर्किंग वूमेन तक और हाउसवाइफ भी अपनी फिगर को फिट रखना चाहती हैं। यह जरूरी भी है क्योंकि इससे न केवल आप एनर्जेटिक फील करती हैं, हर तरह की ड्रेस पहन सकती हैं। फिट फिगर को मेंटेन करने में महिलाओं के लिए कॉमन प्रॉब्लम बेली फैट होता है। इसे कंट्रोल करने के लिए रेग्युलर एक्सरसाइज करना जरूरी है। अगर आपके पास जिम जाने का समय नहीं है तो भी कुछ एक्ससाइज से आप अपने बेली फैट को कम कर सकती हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

**तेज चाल से वॉकिंग:** रोजाना कुछ मिनट तेज चाल से वॉकिंग या रनिंग से सबसे जल्दी बेली फैट कम होता है। सो आप रोज सुबह, घर के बाहर किसी पार्क में या फिर सड़क किनारे तेज वॉकिंग कर सकती हैं। यदि वर्किंग हैं तो शाम को या फिर सुबह जल्दी उठकर तेज गति से वॉकिंग जरूर करें। कम से कम तीस से पैतालीस मिनट की डेली फास्ट स्पीड वॉकिंग आपके बेली फैट को कम करने में बहुत कारगर है।

**माउंटेन क्लाइंबर्स:** माउंटेन क्लाइंबर्स एक्सरसाइज में आपको जमीन पर उलटे हाथ के पंजो और पैर के पंजों के बल पर शरीर को उठाना होता है। इसके साथ तेजी से घुटनों को एक-एक करके आगे पीछे करना होता है। इसे भी तीन सेट में आपको करना चाहिए। इससे पेट और कोर मसल्स को मजबूती मिलती है और पेट की चर्बी कम होने लगती है। इससे बेली टोंड दिखने लगता है।

**प्लैंक:** जब आप अपना एक्सरसाइज रूटीन खत्म कर लें, खासकर जंपिंग जैक्स के बाद, आप कुछ मिनट प्लैंक जरूर करें। दरअसल, हार्ड वर्कआउट से शरीर गर्म हो जाता है और प्लैंक करते ही पेट पर इसका सीधा असर पड़ता है। ऐसा रोज करने से बेली फैट तेजी से कम होता है और उसकी मसल्स में टोनिंग आ जाती है। इसे करने के लिए आपको पेट के बल लेटकर हथेलियों और पैर के पंजे के बल पर शरीर को ऊपर उठाना होता है। ज्यादा से ज्यादा समय तक ऊपर रोककर रखना होता है। हर बार जितना संभव हो स्टे टाइम को बढ़ाते रहना होता है।

**जंपिंग जैक्स:** बेली फैट को कम करने के लिए जंपिंग जैक्स एक्सरसाइज भी बेहद फायदेमंद है। इसे तीन सेट में करना चाहिए। आरंभ में आप 15-15 स्टेप्स के तीन सेट में यह एक्सरसाइज करें। जंपिग जैक्स करने से पूरी बॉडी की एक्सरसाइज होती है लेकिन इससे पेट की चर्बी जल्दी कम होती है। यह एक्सरसाइज आप घर में कहीं भी खुली जगह में कर सकती हैं।

**इन बातों पर ध्यान दें:** जंक फूड खाने से बचें, ज्यादा से ज्यादा सलाद और फल खाएं। चीनी, कोल्ड ड्रिंक का सेवन कम करें। रोजाना कम से कम 7-8 घंटे की नींद लें। तली-भुनी चीजें कम से कम खाएं। ❁

**(फिटनेस इंस्ट्रक्टर राहुल शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप


हिसार। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर पौधारोपण करते हुए।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर विचार गोष्ठी

**हिसार।** मेरा युवा भारत हिसार एवं परमेश्वरी देवी युवती विकास ट्रस्ट द्वारा गांव खारिया के सनराइज हाई स्कूल के सहयोग से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर आजाद हिन्द युवा क्लब प्रधान कपूर सिंह आर्य ने बताया कि डॉ. मुखर्जी आजादी से पहले और आजादी के बाद देश के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने अपना जीवन देश को समर्पित कर दिया और भारत को विकसित बनाने का सपना देखा था। इसलिए उन्होंने जनसंघ पार्टी की स्थापना की और उसने हमेशा अन्याय का विरोध किया।

### स्वच्छता नियम तोड़ने वालों पर की कार्रवाई

**हिसार।** नगर निगम ने स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। निरीक्षण के दौरान एएसआई विजेता ने रेड स्क्वेयर मार्केट, भगत सिंह चौक और कटला रामलीला मैदान क्षेत्र में खुले में कचरा फेंकने वाले तीन दुकानदारों के चालान काटे। वहीं सीटीएल प्रदीप जाखड़, तकनीकी विशेषज्ञ जसबीर कुंडू और आईसी विशेषज्ञ हरिराम गुज्जर की टीम ने बस स्टैंड के आस-पास सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को लेकर जांच अभियान चलाया। इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करते पाए गए तीन दुकानदारों के भी चालान किए गए।

### शिविर में 22 युवाओं ने किया रक्तदान

**सिवानी मंडी।** खंड के गांव धुलकोट में सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की कमान शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने संभाली, जिनकी देखरेख में युवाओं ने रक्तदान कार्य में हिस्सा लिया। शिविर के दौरान कुल 22 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे धुलकोट गांव के सरपंच प्रतिनिधि संदीप कुमार ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर और प्रमाण पत्र देकर हौसला बढ़ाया। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है।

### ताली कीर्तन व अर्जी संकीर्तन में उमड़े श्रद्धालु

**हिसार।** श्याब बाबा की महिमा से रूबरू करवाने के लिए प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में ताली कीर्तन का आयोजन किया गया। अगले दिन पूरे उत्साह के साथ अर्जी संकीर्तन भी किया गया। ताली कीर्तन व अर्जी संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान भजन सुनकर ताली बजाते हुए श्याम बाबा का खूब गुणगान किया गया। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं की श्याम बाबा व बीड़ बबरान धाम के प्रति विशेष आस्था है। इसलिए निरंतर निशुल्क ताली कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोई भी श्रद्धालु अपने स्थान पर निशुल्क ताली कीर्तन करवा सकता है।

### श्रीनगर में लगे भंडारे में उमड़ रहे श्रद्धालु

**हिसार।** श्रीशिव सेवक मंडल ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष की भांति पैंथा चौक, श्रीनगर में अमरनाथ बाबा का 15वां विशाल भंडारा लगाया गया है। पांच दिनों से चल रहे भंडारे में हजारों यात्री भोजन ग्रहण कर रहे हैं। मंडल के सेवादार यश नागपाल, जगदीश रहेजा, कुलभूषण, बॉबी मल्होत्रा, मनीष चावला व अन्य यात्रियों के लिए पकवान तैयार करवा रहे हैं। मंडल से जुड़े अन्य अनेक सेवादार भी जल्द ही भंडारा स्थल पर पहुंचकर सेवा देंगे। मंडल के प्रधान डॉक्टर महिपाल मुंजाल ने बताया कि कुछ दिन पूर्व पंजाबी भवन, सेक्टर 14 से खाद्य सामग्री से भरे दो ट्रकों के अलावा सेवादारों के अन्य वाहनों को श्रीनगर के लिए रवाना किया गया।

## ऑल इंडिया आईपीएससी प्री-नेहरू कप हॉकी व स्विमिंग स्पर्धा का आगाज

# पहले मैच में मेजबान वीडीजेएस ने हासिल की धमाकेदार जीत

### देश के 23 स्कूलों के 400 खिलाड़ी दिखा रहे दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार


हिसार। हॉकी मैच में दमखम दिखाती लड़कियां। फोटो: हरिभूमि

विद्या देवी जिंदल स्कूल (वीडीजेएस) में ऑल इंडिया आईपीएससी प्री-नेहरू कप कन्या हॉकी एवं स्विमिंग प्रतियोगिता शुभारंभ हुआ है। प्रतियोगिता में देशभर के 23 नामी विद्यालयों के लगभग 400 उभरते खिलाड़ी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। समारोह के मुख्य अतिथि थर्ड हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडेय और आईपीएससी पर्यवेक्षक डॉ. यशवंत रहे। प्रधानाचार्य नैना ढिल्लों ने अतिथियों का पौधा भेंट कर स्वागत किया। जिसके बाद कर्नल पांडेय ने आईपीएससी ध्वज फहराकर स्पर्धा की शुरुआत की। अंडर-14 हॉकी के उद्घाटन मैच में मेजबान विद्या देवी जिंदल स्कूल ने यादविंद्र पब्लिक स्कूल, पटियाला को 3–0 से करारी शिकस्त दी। हॉकी प्रतियोगिता 11 जुलाई तथा तैराकी प्रतियोगिता 9 जुलाई तक चलेगी। इस मौके पर कर्न ज्ञान प्रकाश पांडेल ने कहा कि चाहे जीवन हो या खेल का मैदान, अनुशासन ही सफलता की असली कुंजी है। खेल केवल शारीरिक क्षमता ही नहीं बढ़ाते, बल्कि टीम चरित्र निर्माण का भी सशक्त माध्यम हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक निखिल रुद्र भी मौजूद रहे।

**शानदार मार्च-पास्ट और खेल भावना की शपथ**

उद्घाटन समारोह का मुख्य आकर्षण सभी 23 सहभागी स्कूलों की टुकड़ियों द्वारा निकाला गया भव्य मार्च-पास्ट रहा। इसके बाद, सीनियर हॉकी कैप्टन सहजप्रीत कौर ने सभी एथलीटों को खेल भावना, निष्पक्षता और अनुशासन के साथ खेलने की शपथ दिलाई।

### क्रेटा गाड़ी से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद

- सीआईए मिल गेट की अवैध शराब तस्करों पर बड़ी कार्रवाई

**हिसार।** सीआईए, मिल गेट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शराब तस्कर को भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब एवं एक क्रेटा कार सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए मिल गेट प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि उनकी टीम के मुख्य सिपाही सुरेंद्र कुमार अपनी पुलिस पार्टी के साथ होटल शिव गार्डन के सामने, खरड़ रोड, गांव मय्यड़ में गश्त एवं अपराध रोकथाम ड्यूटी पर मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर एक क्रेटा कार को रुकवाकर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसमें 78 बोतल रॉयल स्टैग, 78 बोतल रॉयल चैलेंज, 78 बोतल ऑल सीज़न, 18 बोतल मैजिक मोमेंट, 12 बोतल ब्लेंडर्स प्राइड तथा 120 केन बडवाइज़र बीयर बरामद की गई। मौके पर टीम ने आरोपी पारता गांव निवासी रोहताश को गिरफ्तार कर लिया।


हिसार। हरियाणा वन विकास निगम के नवनियुक्त चेयरमैन रवि सैनी का अभिनंदन करते नामदेव समाज के पदाधिकारी।

### नामदेव समाज ने चेयरमैन रवि सैनी का किया अभिनंदन

**हिसार।** नामदेव समाज द्वारा बढ़वाली ढाणी स्थित नामदेव धर्मशाला में हरियाणा वन विकास निगम के नवनियुक्त चेयरमैन रवि सैनी का भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रधान शिव कुमार ने की। प्रधान शिव कुमार ने धर्मशाला में सोलर पैनल लगवाने की मांग रखी, जिसको चेयरमैन रवि सैनी ने पूरा करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी, जोगेंद्र वर्मा, नरेंद्र सैनी, राधेश्याम सैनी, राजगुरु मार्केट प्रधान शिव सैनी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपप्रधान टोनी टुहानिया, सचिव श्याम सुंदर, प्रेस सचिव अंबिका प्रसाद, कोषाध्यक्ष संजीव, उपप्रधान शिव कुमार, दलीप कींजड़ा, बाबूलाल, मनोज, राजेश अग्रोइया, राजेंद्र, विनोद, महेंद्र, भागीरथ, कृष्ण कुमार, नरेंद्र थेपड़ा, विमल भाकल, जगदीश भाकल, केसरी चंद, राकेश, सांवर मल, सुरेंद्र कश्यप सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### नर्सिंग में एआई की भूमिका पर हुई चर्चा

**हिसार।** तकनीकी युग में स्वास्थ्य सेवा के बदलते स्वरूप को देखते हुए महर्षि दयानंद इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में सोमवार को नर्सिंग में एआई पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस हाइब्रिड मॉडल पर आधारित कार्यक्रम में देश भर से 600 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 400 छात्र व्यक्तिगत रूप से संस्थान के परिसर में और 200 छात्र वर्चुअल माध्यम से देश के अलग-अलग हिस्सों से जुड़े। पूरे सत्र के दौरान आधुनिक स्वास्थ्य सेवा में एआई की परिवर्तनकारी भूमिका और इसके भविष्य पर विशेषज्ञों द्वारा गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य सत्र के दौरान भारत एआई रिसर्च सेंटर के मैनेजर सुखदेव सांगवान और मुख्य वक्ता अमनदीप रविश ने कहा कि एआई का उद्देश्य स्वास्थ्य पेशेवरों की जगह लेना नहीं, बल्कि रोगी देखभाल को अधिक सटीक और बेहतर बनाना है।

## एसआईआर अभियान के लिए कार्यकर्ता पूरी गंभीरता से काम करें : चंद्रप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

- विधायक चंद्रप्रकाश ने आदमपुर, बालसमंद व बीड़ बबरान में प्रशिक्षण शिविर में किया मार्गदर्शन

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संदर्भ में आदमपुर, बालसमंद व बीड़ बबरान में बूथ लेवल एजेंट-दो के लिए विधायक चंद्रप्रकाश ने दूसरा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। इन प्रशिक्षण शिविर में चंद्रप्रकाश ने चल रहे एसआईआर की समीक्षा की और बीएलए-टू को इस संदर्भ में मार्गदर्शन भी दिया। उन्होंने कहा कि एसआईआर के समय पूरी सावधानी रखने की आवश्यकता है ताकि किसी भी योग्य मतदाता का वोट सूची से कटने न पाए। इसके साथ ही किसी अपात्र का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं होना चाहिए। एसआईआर अभियान की समीक्षा करते हुए विधायक चंद्रप्रकाश ने मतदाता सूची से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान बीएलए-टू ने इस अभियान की प्रगति की जानकारी भी साझा की। चंद्रप्रकाश ने बीएलए-टू का मनोबल बढ़ाते हुए एसआईआर अभियान को पूरी गंभीरता व सक्रियता से निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एसआईआर के समय यदि किसी कार्यकर्ता को कोई जानकारी चाहिए या किसी तरह की समस्या का सामना करना पड़े तो वह उनसे सीधा संपर्क कर सकता है। चंद्रप्रकाश ने समझाया कि चुनाव लिस्ट को दोबारा जांचकर अपडेट करते समय मृत लोगों के नाम व डुप्लीकेट नाम हटने चाहिए। गलत या शिफ्ट हुए लोगों की पहचान होनी चाहिए।


हिसार। प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित विधायक चंद्रप्रकाश व कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

## सिरसा चुंगी-तलाकी गेट मार्ग अब 'डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग' होगा


हिसार। बैठक में उपस्थित मेयर प्रवीण पोपली, विधायक रणधीर पनिहार एवं अन्य अधिकारी।

- निगम की विशेष बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

नगर निगम की विशेष बैठक में शहर के एक प्रमुख मार्ग के नामकरण प निर्णय लिया गया। निगम सदन ने सर्वसम्मति से सिरसा चुंगी से तलाकी गेट तक जाने वाले मार्ग का नाम 'डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग' रखने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली। प्रस्ताव पारित होने के बाद यह मार्ग अब आधिकारिक रूप से इसी नाम से जाना जाएगा। मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता में हुई बैठक में नलवा विधायक रणधीर पनिहार भी मौजूद रहे। प्रस्ताव पर चर्चा के बाद सभी पार्षदों ने ध्वनिमत से इसे पारित किया। बैठक के दौरान विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि शहर के विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच समन्वय आवश्यक है। उन्होंने स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने पर बल दिया। बैठक में निगमायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने पार्षदों से अपने-अपने वार्डों में एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) अभियान को गंभीरता से संचालित करने और अधिक से अधिक नागरिकों को फॉर्म भरकर बीएलओ के पास जमा कराने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया।

**सफाई व्यवस्था ठीक करें**

मेयर प्रवीण पोपली ने बरसात के मौसम को देखते हुए सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने, प्रमुख सड़कों की सफाई सुनिश्चित करने और जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।

### पुलिस ने राजस्थान से आरोपी को किया काबू

- पुलिस ने फरार आरोपी को सवाई माधोपुर से दबोचा

**हिसार।** एंटी नारकोटिक्स सेल ने एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए वाणिज्य मात्रा में 53.240 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामदगी के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में करोली जिले के जिंदो कापरा निवासी धीरज खटाना उर्फ देबू सवाई माधोपुर जिले के वजीरपुर से गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार एक जुलाई को एंटी नारकोटिक्स सेल के प्रभारी इन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ एनएच-9ए पर गश्त एवं नशा तस्करी रोकथाम अभियान के दौरान रायपुर रेलवे पुल के निकट मौजूद थे। इसी दौरान मिली सूचना के आधार पर रायपुर चौक के पास नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध स्विफ्ट कार सड़क किनारे खड़ी मिली। पुलिस टीम को देखकर कार में सवार तीनों युवक वाहन छोड़कर खेतों की ओर भाग निकले और आसपास के भौगोलिक क्षेत्र का लाभ उठाकर फरार हो गए थे।

## 16 को धूमधाम से निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा


हिसार। जगन्नाथ रथ यात्रा सेवा समिति की बैठक में निमंत्रण देते समिति के सेवादार।

- ठाकुरजी का नेत्रोत्सव व भजन संध्या 15 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

श्रीभगवान जगन्नाथ व श्री जगन्नाथ रथ यात्रा समिति, सेक्टर 14 के तत्वाधान में 16 जुलाई को बुधला संत मंदिर, सेक्टर 14 से तीसरी भगवान श्रीजगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी। धूमधाम से निकाले जाने वाली इस यात्रा की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इस सम्बंध में समाजसेवी रामधारी गोयल की अध्यक्षता में हुई समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। सेवादार पवन अग्रवाल ने बताया कि जगन्नाथ पुरी की तरह हुबहू नगर में तीसरी बार रथ यात्रा निकाली जाएगी। रथ यात्रा के उपलक्ष्य में 15 जुलाई को सायं 5:15 बजे मंदिर प्रांगण में ठाकुरजी का नेत्रोत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर नगर के अनेक गणमान्य लोग भी उपस्थित रहेंगे। नेत्रोत्सव के बाद भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक भैय्या दिव्य दास भजनों की वर्षा करेंगे। सेवादार नंदकिशोर गर्ग, आशीष गुप्ता, मोती कंसल व धीरज गर्ग ने बताया कि 16 जुलाई को सायं 4:15 बजे भव्य श्रीजगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी जो बुधला संत मंदिर, सेक्टर 14 से चलकर आसपास के क्षेत्र का भ्रमण करेगी। सेवादारों ने बताया कि रथ यात्रा के मुख्य आकर्षण में हनुमानजी की पावन ध्वजा, विशाल रथ नंगें पैरों से भक्तों द्वारा खींचा जाएगा।

## संत कबीर दास ने कर्म, सदाचार और सामाजिक समरसता का मार्ग दिखाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

- कबीर कुटुंब समिति ने मनाई संत कबीर की जयंती

कबीर कुटुंब समिति की ओर से संत शिरोमणि कबीर साहेब की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विजेंद्र सिंह प्रजापति, मुख्य अतिथि जोगीराम खुंडियां तथा अध्यक्षता शिक्षाविद् एवं समाजसेवी डॉ. योगी अनूप नाथ ने की। कार्यक्रम का आयोजन समिति के प्रधान प्रीत कुमार सोलंकी एवं कार्यकारिणी के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत संत कबीर के चित्र पर पुष्पांजलि कर की गई। मुख्य वक्ता विजेंद्र सिंह प्रजापति ने कहा कि संत कबीर ने अपने दोहों के माध्यम से समाज को सत्य, प्रेम, समानता और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने जात-पात, छुआछूत और पाखंड का विरोध करते हुए कर्म, सदाचार और सामाजिक समरसता का मार्ग दिखाया। मुख्य अतिथि जोगीराम खुंडियां ने संत कबीर के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. योगी अनूप नाथ ने कहा कि संत कबीर महान समाज सुधारक थे, जिन्होंने निर्भीक होकर सामाजिक कुरीतियों, भेदभाव और आडंबर पर प्रहार किया। इस अवसर पर कृष्ण लाल सोलंकी, रतन इटाकान, लोकेश प्रधान, राजेश खटक, अजय, राकेश खटक, हरीश, कपिल, सोनू, विकास, नवीन, सोमबीर, लोकेश खटक, सुबेसिंह, सतीश कायत, विजेंद्र वर्मा, वीरेंद्र, कप्तान तुलाराम, अरुण नागर, सिद्धार्थ सोलंकी, मंगतराम इंदौरा, मोनू यादव, विजय सैनी, अमित मास्टर, रामकरण आदि मौजूद रहे।


हांसी। मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान करते डॉ. योगी अनूप नाथ, विजेंद्र सिंह प्रजापति व अन्य।

## राष्ट्र की एकता के लिए डॉ. मुखर्जी का बलिदान सदैव रहेगा प्रेरणादायी : धर्मवीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

भाजपा की ओर से हांसी विधानसभा के बूथ संख्या 93 पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बूथ अध्यक्ष आकाश वर्मा ने की। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए राष्ट्रसेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाजपा हांसी जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग, समर्पण और राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार भी डॉ. मुखर्जी के आदर्शों का अनुसरण करते हुए जनकल्याण, सुशासन और विकास को प्राथमिकता दे रही है।


हांसी। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते भाजपा जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया व अन्य।

## न्यूज डायरी



### आदमपुर का विकास सर्वोच्च प्राथमिकता : बिश्नोई

**आदमपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने कहा है कि आदमपुर का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। भव्य बिश्नोई के निरंतर प्रयासों एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से आदमपुर तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। कुलदीप बिश्नोई सोमवार को क्षेत्रवासियों, शुभचिंतकों एवं कार्यकर्ताओं से आत्मीय मुलाकात कर उनके सुख-दुख में सहभागिता करते हुए बातचीत कर रहे थे। उन्होंने क्षेत्रवासियों का हालचाल जाना तथा विभिन्न सामाजिक एवं जनहित के विषयों पर विस्तार से चर्चा की। कुलदीप बिश्नोई ने क्षेत्र के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा स्थानीय समस्याओं को लेकर कार्यकर्ताओं और नागरिकों के साथ विचार-विमर्श किया।



### पंडित. मुखर्जी का जीवन सभी के लिए प्रेरणा स्रोत

**हिसार।** भाजपा जिला कार्यालय में सोमवार को पूर्व स्वास्थ्य एवं नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने जनसंवाद कार्यक्रम के अंतर्गत आमजन की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर अनेक समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। जनसंवाद कार्यक्रम के उपरांत भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी को स्मरण करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। इस अवसर पर सुरेश गोयल धूप वाला, रामचंद्र गुप्ता, लोकेश असीजा, सुरेंद्र सिंह सैनी, दीपक, विनोद, भानु सिंघला, अनुज, अनिल गोदारा, प्रोमिला पुनिया, सतीश महता आदि मौजूद रहे।



### बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को किया सम्मानित

**सिवानी मंडी।** शहर के एमडीएस वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को विद्यालय में बोर्ड की परीक्षा 12वीं व 10वीं कक्षा में अव्वल रहे विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलबाग सिह भाम्भू व प्रबंधक संजय भारद्वाज ने बताया कि विद्यालय का 10वीं और 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम अव्वल रहा था। इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के सम्मान में यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि समारोह में 12वीं कक्षा में 98.6 फीसद अंक लेकर अव्वल रही छात्रा प्रीती, 500 में 442 अंक लेने वाले अमित शर्मा, 418 अंक लेने वाली मुस्कान, शुभम व 412 अंक लेने वाली जसप्रीत को सम्मानित किया गया है। इसी प्रकार 10वीं कक्षा में 92.8 अंक हासिल करने वाली भूमिका 91ण्8 अंक हासिल करने वाली कशीष, 91.2 अंक हासिल करने वाली भूमिका, 90 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली साक्षी 87 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली सरोज को सम्मानित किया गया।

### राजकीय माध्यमिक विद्यालय में किया पौधरोपण

**बरवाला।** खरकड़ा मार्ग पर स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय शिवपुरी वन बरवाला के प्रांगण में पौधरोपण अभियान चलाया गया। मुख्याध्यापक जिले सिंह शेखावत ने बताया कि अभियान का शुभारंभ मुख्य अतिथि दो न्यायाधीशों राकेश कुमार और सुनील कुमार ने पौधरोपण करके किया। इस अभियान में विशिष्ट अतिथि के रूप में एचएसएससी मेंबर साधुराम जाखड़, खंड शिक्षा अधिकारी जिले सिंह, प्रिंसिपल डॉक्टर सुरीना व बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप राड मौजूद रहे जबकि अध्यक्षता मुख्याध्यापक जिले सिंह शेखावत ने की। इस अभियान में स्कूल प्रांगण में फलदार, फूलदार व औषधीय किस्म के 91 पौधे रोपित किए गए।

### 9 को जीएम का घेरवा करेंगे रोडवेज कर्मचारी

**हिसार।** हरियाणा रोडवेज हिसार डिपो में कर्मचारियों के लंबित वित्तीय भत्तों एवं अन्य लंबित मांगों बारे साझा संघर्ष समिति का आंदोलन सोमवार को 53वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता कर्मबीर मसूदपुर ने की, जबकि मंच का संचालन जोगेंद्र पंघाल ने किया। धरने के दौरान महाप्रबंधक राहुल मित्तल ने साझा संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों को वार्ता के लिए बुलाया। समिति का आरोप है कि महाप्रबंधक कार्यालय कर्मचारियों की लंबित मांगों के संबंध में कोई संतोषजनक रिकॉर्ड या स्पष्ट जवाब प्रस्तुत नहीं कर सका। बैठक से निराश लौटे समिति के पदाधिकारियों ने घोषणा की कि 8 जुलाई को हांसी डिपो में गेट मीटिंग की जाएगी। इसके बाद 9 जुलाई को हिसार में महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

### चोरी के मामले में काबू आरोपी से सामान बरामद

**नारनौंद।** पुलिस ने चोरी के मामले में आरोपियों के रिमांड के दौरान चोरी किए हुए सामान में से नकद राशि, दो मोबाइल फोन, गारमेंट्स का सामान तथा वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही विजय कुमार ने बताया कि गांव राजथल निवासी एक महिला के घर से निर्माण कार्य के दौरान डेढ़ लाख लाख की नकदी एवं एक मोबाइल फोन चोरी होने के मामले में थाना नारनौंद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस वारदात के दोनों आरोपित दिनेश सिंह निवासी गांव गामड़ा तथा परमजीत निवासी गांव खेड़ी रोज, मिल्कपुर को गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपितों को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान पुलिस ने चोरी की रकम में से चार हजार रुपए नकद, दो मोबाइल तथा गारमेंट्स का सामान बरामद किया है।

### जुवेनाइल जस्टिस एक्ट पर लगा प्रशिक्षण शिविर

**हांसी।** बच्चों से जुड़े मामलों के प्रभावी, संवेदनशील और कानून सम्मत निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर स्थित डीसीआरबी कार्यालय में जुवेनाइल जस्टिस एक्ट पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन वेलफेयर निरीक्षक सरोज ने किया। उन्होंने जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के विभिन्न प्रावधानों, बाल संरक्षण कानूनों, बच्चों के अधिकारों, किशोरों से जुड़े मामलों में पुलिस की जिम्मेदारियों तथा बाल हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्रवाई करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

### सट्टा खाईवाली करते एक आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** सिसाय पुल चौकी पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईवाली कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से सट्टा पर्ची, एक बॉल पेन और 1,520 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। मुख्य सिपाही उमेद ने बताया कि पुलिस टीम सिसाय पुल के पास नाकाबंदी कर रही थी। कि इसी दौरान सूचना मिली कि चार कुतुब गेट के समीप रविदास मंदिर के निकट शंकर सड़क किनारे खड़ा हो कर सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईवाली कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को काबू कर तलाशी ली गई तो तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से सट्टा पर्ची, एक बॉल पेन और 1,520 रुपये नकद बरामद हुए।

### पुलिस ने 300 लीटर अवैध लाहन नष्ट कराया

**हिसार।** पुलिस की स्वेट टीम-2 ने गांव पीरावाली में छापेमारी कर मौके से लगभग 300 लीटर अवैध लाहन तथा कच्ची शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण एवं अन्य सामान बरामद किया। आबकारी अधिनियम के प्रावधानों के तहत बरामद लाहन एवं शराब बनाने के सामान को मौके पर ही विधिवत नष्ट कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में संबंधित व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### ठगी के शिकार को पुलिस ने लौटाए 98 हजार

**हिसार।** साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन ने एक पीड़ित को उसकी ठगी गई 98 हजार की राशि वापस दिलाने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में बालसमंद निवासी दीपक कुमार ने साइबर हेल्पलाइन/पोर्टल पर शिकायत दी थी। शिकायत मिलने के बाद उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक एवं अन्य एजेंसियों से समन्वय स्थापित किया गया। लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप पीड़ित की 98 हजार रुपये की पूरी राशि सफलतापूर्वक उसके खाते में वापस करवा दी गई। शिकायतकर्ता ने पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए राशि वापस मिलने पर संतोष जताया।

## खबर संक्षेप

### 18 को हिसार में लगेगा मेगा रोजगार मेला

**हिसार।** जिला प्रशासन द्वारा आगामी 18 जुलाई को हिसार में मेगा रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां हिस्सा लेंगी। मेगा रोजगार मेले की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल की अध्यक्षता में बैठक की अध्यक्षता करते हुए मेले की सभी तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए।

### प्रेरणा परिवार की मासिक काव्य गोष्ठी हुई

**हिसार।** प्रेरणा परिवार की मासिक काव्य गोष्ठी टाऊन पार्क में शुभकरण गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मंच का संचालन जयभगवान लाडवाल ने किया जबकि चीफ गेस्ट के तौर पर उकलाना से आए सत्यभूषण बिदंल थे। इस मौके पर रमेश दुहन, ऋषि सकसेना, भीम सिंह हुड्डा, सत्यभूषण बिंदल, कलमकार वीरेंद्र कौशल आदि ने अपनी रचनाएं सुनाई।

### सीए फाउंडेशन में गर्व ने प्राप्त की देश में 19वीं रैंक

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था



एनआईआरसी हिसार ब्रांच ने गर्व गोयल ने सीए फाउंडेशन में 19वीं रैंक हासिल किया है। एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अजय गोयल व अन्य पदाधिकारियों ने गर्व गोयल की इस उपलब्धि की सराहना की है।

### सेक्टर-33 में आरडब्ल्यूए चुनाव दो वर्ष से लंबित

**हिसार।** सेक्टर-33 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के त्रिवार्षिक चुनाव दो वर्ष से अधिक समय से लंबित होने के कारण सेक्टरवासियों ने अंतरिम व्यवस्था के तहत 25 सदस्यीय वर्किंग कमेटी और सात सदस्यीय मैनेजमेंट कमेटी का गठन किया है। नियमित चुनाव होने तक यही समितियां सेक्टरवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करेंगी। सेवानिवृत जिला अटॉर्नी साधु राम भ्याण, आरडब्ल्यूए के पूर्व प्रधान राजपाल नैन, पूर्व सचिव मास्टर रोहतास, केके भादु, श्याम लाल राजलीवाल और नरेश गोयल ने संयुक्त बयान जारी कर बताया कि आरडब्ल्यूए चुनाव समय पर नहीं होने से सेक्टर की अनेक मूलभूत समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं। उन्होंने कहा कि 15 सूत्रीय मांगपत्र 22 जून को एचएसवीपी प्रशासन को सौंपा गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### गायन व नृत्य की निशुल्क प्रशिक्षण कार्यशाला 11 से

**हिसार।** स्वदेशी जागरण मंच व स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में 20 दिवसीय गायन व नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। 11 जुलाई से 30 जुलाई तक चलने वाली यह निशुल्क कार्यशाला सेक्टर-15 के ब्लूमिंग डेल्स स्कूल में आयोजित की जाएगी। यह कार्यशाला हरियाणा कला परिषद के सहयोग से आयोजित की जाएगी। जिला संयोजक राकेश चराया व जिला कॉर्डिनेटर विनय असीजा ने बताया कि 20 दिवसीय निशुल्क कार्यशाला में छात्राएं व महिलाएं हिस्सा ले पाएंगी।

## विधायक ने हांसी की सफाई व्यवस्था पर जताई नाराजगी

# 15 दिन में दिखनी चाहिए सफाई व्यवस्थाः भयाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

शहर को स्वच्छ, सुंदर और जलभराव मुक्त बनाने के उद्देश्य से सोमवार को पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में विधायक विनोद भयाना की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त राहुल नरवाल, अतिरिक्त उपायुक्त एवं नगर आयुक्त लक्षित सरीन, एसडीएम राजेश खोथ, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर परिषद तथा अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था, सीवरेज, नालों की सफाई, बरसाती पानी की निकासी तथा कचरा प्रबंधन की गहन समीक्षा करते हुए विधायक विनोद भयाना ने अधिकारियों से कहा कि अगले 15 दिनों में धरातल पर परिणाम दिखाई देने चाहिए। बैठक में विधायक विनोद भयाना ने शहर की सफाई व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा सफाई व्यवस्था पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, संसाधनों और बजट की कोई कमी नहीं है, इसके बावजूद शहर में सफाई व्यवस्था सही नहीं है। यदि अधिकारी और एजेंसियां अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करें तो शहर की तस्वीर बदली जा सकती है। उन्होंने नगर परिषद एवं जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपसी समन्वय स्थापित कर सफाई व्यवस्था, सीवरेज सफाई और बरसाती पानी की निकासी का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। शहर के सभी बड़े और छोटे नालों की तत्काल सफाई करवाई जाए तथा पिछले वर्ष जिन स्थानों पर जलभराव हुआ था, वहां विशेष कार्ययोजना बनाकर निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



पानी निकासी, नालों की सफाई व कचरा प्रबंधन पर समीक्षा बैठक में भाग लते अफसर।

### शहर में रोड स्वीपिंग का नया टेंडर जारी : एडीसी

अतिरिक्त उपायुक्त एवं नगर आयुक्त लक्षित सरीन ने बताया कि शहर में रोड स्वीपिंग का नया टेंडर जारी कर दिया गया है तथा सफाई व्यवस्था का कार्य हांसी आदर्श कोऑपरेटिव सोसायटी को सौंपा गया है। पूरे शहर को पांच जोन में विभाजित किया गया है, जिनमें दो जोन नगर परिषद तथा तीन जोन एजेंसी के माध्यम से संचालित किए जाएंगे। हर शाम विशेष अभियान के तहत एक वार्ड में 50 से 60 कर्मचारियों की टीम सफाई, नालों की सफाई तथा कचरा उठाने का कार्य करेगी। प्रत्येक वार्ड के लिए अलग ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि 15 दिनों में शहर की सफाई व्यवस्था में व्यापक सुधार दिखाई देगा।

### प्रत्येक वार्ड के लिए तय होगी जवाबदेही

विधायक ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में सफाई व्यवस्था की जवाबदेही तय की जाए। वार्डवार सुपरवाइजर, स्वास्थ्य निरीक्षक एवं संबंधित अधिकारियों के नाम और मोबाइल नंबर सार्वजनिक किए जाएं ताकि जनप्रतिनिधि और आम नागरिक सीधे संबंधित अधिकारी से संपर्क कर सकें। उन्होंने कहा कि आने वाले 15 दिनों में शहर की सफाई अब हर गली, बाजार और मुख्य मार्ग पर उसका प्रभाव दिखाई देना चाहिए। उन्होंने शहर में जगह-जगह बनाए गए अस्थायी कचरा डंपिंग प्वाइंट्स पर भी कड़ी आपत्ति जताई।

### जलभराव की समस्या से नागरिकों को न हो परेशानी

उपायुक्त राहुल नरवाल ने बैठक में कहा कि मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी विभाग युद्धस्तर पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। डीसी राहुल नरवाल ने यह भी निर्देश दिए कि नगर परिषद एवं जनस्वास्थ्य विभाग संयुक्त रूप से प्रतिदिन फील्ड निरीक्षण करें तथा सफाई एवं जल निकासी कार्यों की प्रगति रिपोर्ट तैयार कर प्रशासन को उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव त्यागी, कार्यकारी अभियंता उदयवीर झांझरिया, कार्यकारी अभियंता सुरेंद्र मेहरा, सीएमजीजीए प्रतीक्षा सांगवान, दिनेश भूटानी, रवि अरोड़ा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाधान शिविर में एडीसी शालिनी चेतल ने सुनीं जनसमस्याएं

# सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत नहीं मिली सब्सिडी, दिए जांच के निर्देश

■ अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

**हिसार।** अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका समय पर शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में गांव बुड़ाक निवासी धूप सिंह द्वारा हरे पेड़ काटने पर जान से मारने की शिकायत व गांव डाया में राजकुमार गांव के पूर्व सरपंच द्वारा गांव के मंदिर में हुई चोरी संबंधी शिकायत पर एडीसी शालिनी चेतल ने पुलिस विभाग को आगामी कारवाई करने के निर्देश दिए। गांव बहबलपुर के एक प्रार्थी द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सब्सिडी दिलवाने की मांग पर अतिरिक्त उपायुक्त ने बिजली निगम को इस मामले की जांच करने के निर्देश दिए।



हिसार। समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनतीं एडीसी शालिनी चेतल।

### गांव लाडवा में गलियों पर अवैध कब्जे

गांव लाडवा निवासी रघुवीर सिंह द्वारा गांव की गलियों से अवैध कब्जे हटाने व नालियों को साफ करवाने संबंधी मांग पर अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को आगामी कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए। गांव मात्रश्याम निवासी एक प्रार्थी द्वारा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर आवेदन करने पर मुआवजा न मिलने की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रार्थी के समक्ष आ रही समस्या को दुरूस्त करने की हिदायत दी। गांव शाहपुर निवासी सत्य सिंह द्वारा उसकी जमीन पर बार बार पैमाइश के लिए नोटिस भिजवाकर तंग करने व उसकी जमीन पर दोबारा पैमाइश करने की मांग पर अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को उसकी जमीन की पैमाइश करने की हिदायत दी। इस अवसर पर एसडीएम ज्योति मित्तल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

## छूटे मतदाताओं के एन्यूमरेशन फॉर्म भरवाने पर रहेगा विशेष जोर : एसडीसी



**हिसार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मंगलवार को नलवा विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर बूथ लेवल ऑफिसर तथा विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट्स की बैठक आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने बताया कि बैठक के दौरान राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट्स को उन मतदाताओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी, जो अभी तक अनुपस्थित हैं अथवा जिनके नाम मतदाता सूची में डुप्लीकेट रूप में दर्ज होने की संभावना है। यदि किसी बीएलए को ऐसे मतदाता के संबंध में जानकारी है, तो वह संबंधित बीएलओ के साथ जाकर उस मतदाता से एन्यूमरेशन फॉर्म भरवाएगा, जिससे मतदाता सूची का शुद्धिकरण समयबद्ध ढंग से किया जा सके। उन्होंने बताया कि सभी बीएलओ मंगलवार सुबह 9 बजे से अपने-अपने मतदान केंद्र (बूथ) पर उपस्थित रहेंगे। इस दौरान जिन मतदाताओं ने अभी तक अपना एन्यूमरेशन फॉर्म जमा नहीं कराया है, वे अपने संबंधित बूथ पर पहुंचकर मदद प्राप्त कर सकते हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने नलवा हलके के सभी पात्र मतदाताओं से अपील की कि वे अपने निकटतम मतदान केंद्र पर जाकर समय रहते एन्यूमरेशन फॉर्म भरकर जमा करवाएं, ताकि उनका नाम प्रारंभिक मतदाता सूची में प्रकाशित हो सके।

■ एसआईआर को लेकर बीएलओ और बीएलए की बैठक आज

## होली चाइल्ड स्कूल के रिहान सिंधु का शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र रिहान सिंधु ने हरियाणा स्टेट कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर विद्यालय, परिवार एवं समूचे जिले को गौरवान्वित किया है। यूनाइटेड कराटे एसोसिएशन ऑफ हरियाणा के तत्वावधान में यह चैंपियनशिप बहादुरगढ़ के सेक्टर-6 स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित की गई। प्रदेशभर से आए लगभग 500 खिलाड़ियों ने इसमें दमखम दिखाया। कक्षा आठवीं के 11 वर्षीय रिहान सिंधु ने अंडर-12 आयु वर्ग की 35 किलोग्राम भार श्रेणी में अपना लोहा मनवाया। पहले मुकाबले में रिहान ने बहादुरगढ़ के अर्नव को 4-0 के एकतरफा स्कोर से हराकर शानदार शुरुआत की। सेमीफाइनल में हांसी के हर्षित से हुए रोमांचक मुकाबले में रिहान 2-4 से चूक गए, लेकिन पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर कांस्य पदक अपने नाम करने में सफल रहे। रिहान ने अपनी इस सफलता का श्रेय कोच संतोष सिंह राठन के मार्गदर्शन एवं विद्यालय के पी.टी.आई. रामनिवास, नीतू और मीनाक्षी के सहयोग को दिया।

प्राचार्या अनीता पन्नू दलाल ने कहा कि "रिहान ने साबित कर दिया कि स्पष्ट लक्ष्य और निरंतर प्रयास से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

### कड़ी मेहनत का परिणाम

विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने कहा कि रिहान की यह उपलब्धि उनके समर्पण और कड़ी मेहनत का परिणाम है।

## मॉर्निंग वॉक कमेटी टाउन पार्क का गठन, अश्वनी सच्चर बने प्रधान

**हिसार।** मॉर्निंग वॉक कमेटी टाउन पार्क के सदस्यों की बैठक कमेटी के संयोजक श्रवण पाहवा की अध्यक्षता हुई। बैठक में कमेटी के पूर्व कार्यकाल समापन होने पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें सर्वसम्मति से अश्वनी सच्चर प्रधान व संजय चुघ सचिव बनाए गए। व बाकी की कार्यकारणी का कार्यभार नवनियुक्त कार्यकारणी को सौंपा गया। इस अवसर पर इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन समाजसेवी प्रवीण असीजा रहे। इस मौके पर कमेटी सदस्यों ने फॉरेस्ट विभाग के नवनियुक्त प्रदेश चेयरमैन रवि सैनी का भव्य स्वागत किया। इसके अलावा इस मौके पर नवनियुक्त प्रधान अश्विनी सच्चर व संजय चुघ ने उपस्थित सदस्यों को आश्वासन दिया कि आपसी विचार विमर्श करके शीघ्र ही बाकी की कार्यकारणी बना दी जाएगी। इस अवसर पर प्रवीण असीजा, राजेश असीजा, श्रवण पाहवा, सतीश असीजा, सुभाष ढींगरा, सुभाष कटारिया, एचआर सरदाना, सुरेंद्र अनेजा, धर्मवीर माटा, जगदीश माटा, मोहित गांधी, गुलशन हंस, अधिवक्ता दर्शन रहेजा, अनिल नारंग, अरविंद नारंग, संजय गिरधर, विनय मेहता आदि उपस्थित रहे।

■ सर्वसम्मति से किया गया कार्यकारिणी का चयन



हिसार। मोर्निंग वाक कमेटी टाउन पार्क के नवनियुक्त प्रधान सचिव व सदस्य।

## 10 अवैध कनेक्शन धारकों को नोटिस

**उकलाना।** प्रभुवाला गांव में पेयजल समस्या के समाधान के लिए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने सक्रिय कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्रामीणों द्वारा पेयजल संकट को लेकर प्रदर्शन किए जाने के बाद विभाग ने प्रत्येक घर तक स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से अभियान तेज कर दिया है। जनस्वास्थ्य विभाग के कनिष्ठ अभियंता अनिल धतरवाल, ग्राम सरपंच अनिल कुमार तथा खंड संसाधन समन्वयक प्रदीप कुमार की मौजूदगी में विभागीय टीम ने गांव का निरीक्षण किया।

इस दौरान अवैध रूप से संचालित 10 पेयजल कनेक्शन धारकों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर नियमों के अनुरूप व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जलघर कर्मचारी जोहन, विक्रम सेलवाल तथा शुभम सहित विभागीय कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## वाहन की टक्कर से ट्रांसफार्मर खंभों सहित सड़क पर गिरा, बिजली गुल

**उकलाना।** बस स्टैंड के समीप शनिवार देर रात एक तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बिजली का ट्रांसफार्मर खंभों सहित सड़क पर गिर गया। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे भीषण गर्मी में लोगों को घंटों परेशानियों का सामना करना पड़ा। घटना के बाद बिजली निगम की टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर को हटाकर बिजली आपूर्ति बहाल करने के कार्य में जुट गई। समाचार लिखे जाने तक कर्मचारी मरम्मत कार्य में लगे हुए थे। बिजली निगम के कनिष्ठ अभियंता सतीश कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रांसफार्मर गिर गया, जिससे निगम को आर्थिक नुकसान हुआ है। क्षति का आकलन कर एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है तथा संबंधित वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। ट्रांसफार्मर सड़क पर गिरने से बस स्टैंड क्षेत्र की बिजली कई घंटों तक बाधित रही।



### नियमों का उल्लंघन करने पर 292 के काटे चालान

**हिसार।** जिले में यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान जिले के विभिन्न थाना एवं यातायात पुलिस की टीमों द्वारा प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर वाहन जांच की गई। जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 292 वाहन चालकों के चालान किए गए। यह कार्रवाई बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ट्रिपल राइडिंग, मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन चलाने, गलत दिशा में वाहन चलाने तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध की गई।



## नारनौंद के सरकारी अस्पताल में लगी एक्स-रे की बड़ी मशीन

■ सभी प्रकार के एक्स-रे होंगे एक ही छत के नीचे

नारनौंद। शहर के नागरिक अस्पताल में अब पोर्टेबल एक्स-रे मशीन के जगह बड़ी एक्स-रे मशीन लग गई हैं। अब मरीजों को एक्स-रे के लिए कहीं दूसरे शहर में नहीं भटकना पड़ेगा। एक ही छत के नीचे सभी प्रकार के एक्स रे हो सकेंगे। नारनौंद में 100 बैड का अस्पताल बने हुए काफी लंबा समय हो गया लेकिन सुविधाएं कम उपलब्ध ही रही थी। लोगों को एक्स रे करवाने के लिए दूसरे शहरों में जाना पड़ता था। सरकार और स्वास्थ्य विभाग की तरफ से लोगों को बड़ी सौगात देकर अस्पताल में इप्सीलोन 400 एमए की बड़ी एक्स-रे मशीन लगाई गई है। इसकी गुणवत्ता उच्च स्तर की है। एक्स रे की अच्छी क्वालिटी आती है। अब अस्पताल में सिर, गर्दन, छाती, कूल्हा, पीठ, कमर, हाथ ओर पांव के सभी प्रकार के एक्स-रे लेने की सुविधा दी जा रही हैं। रेडियोलॉजी ऑफिसर राजू, कीर्ति, पंकज ने बताया कि पहले छोटी मशीन होने के कारण कम ही लोग एक्स-रे के लिए आते थे लेकिन अब बड़ी मशीन आने के बाद हर रोज करीब 30 लोग एक्स रे के लिए आ रहे हैं। **एसएमओ डॉ. यशपाल सिंह** ने बताया कि हमने काफी समय से बड़ी मशीन के लिए मांग की हुई थी। बड़ी मशीन विभाग की गाइडलाइन के अनुसार सभी मानक पूरे करके लगा दी गई। अब अस्पताल में लोगों को एक्स-रे के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

## आरोपी चोरीशुदा बाइक सहित गिरफ्तार

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी पीएसआई कर्मजीत ने बताया कि इस संबंध में संजय नगर निवासी यशपाल की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान आरोपी गंगवा निवासी रवि को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर ली।

## मुद्रण प्रौद्योगिकी विभाग का 100 फीसदी प्लेसमेंट सुनिश्चित

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मुद्रण प्रौद्योगिकी विभाग ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए शत-प्रतिशत प्लेसमेंट सुनिश्चित किया है। विभाग के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतिष्ठित राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में कुलपति कार्यालय स्थित समिति कक्ष में ऑफर लेटर वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के अंतिम दिन प्रायोगिक परीक्षा के उपरांत कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विद्यार्थियों को ऑफर लेटर सौंपे और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

■ कुलपति ने विद्यार्थियों को सौंपे ऑफर लेटर



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

**उपलब्धि** लुवास के वैज्ञानिकों के स्वदेशी डिजिटल प्लेटफॉर्म को मिला आधिकारिक कॉपीराइट

# पशुओं के जानलेवा 'थीलीरिया' रोग के इलाज के लिए बनाया ऑफलाइन डिजिटल टूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के वैज्ञानिकों ने पशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर छुआ है। विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पशुओं में होने वाले जानलेवा 'थीलीरिया' रोग के सटीक निदान और उपचार के लिए एक अनूठी 'थीलीरिया क्लिनिकल निर्णय सहयोग प्रणाली' विकसित की है। वैज्ञानिकों की इस अभिनव डिजिटल प्रणाली को भारत सरकार के कॉपीराइट कार्यालय द्वारा 11 जून को आधिकारिक कॉपीराइट प्रदान किया गया है। यह पूर्णतः स्वदेशी डिजिटल प्लेटफॉर्म फील्ड में तैनात पशु चिकित्सकों को थीलीरिया रोग का त्वरित, सटीक एवं साक्ष्य-आधारित इलाज तय करने में मदद करेगा।



### बिना इंटरनेट करेगी काम

इस अनूठी प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह पूरी तरह ऑफलाइन काम करती है। इसका मतलब है कि देश के सुदूर और ग्रामीण क्षेत्रों में, जहाँ इंटरनेट की कनेक्टिविटी नहीं है या बेहद कमजोर है, वहां भी पशु चिकित्सक इस सिस्टम का उपयोग कर तुरंत सही फैसला ले सकेंगे। यह प्लेटफॉर्म न केवल पशु चिकित्सकों, बल्कि शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों और प्रगतिशील पशुपालकों के लिए भी बेहद मददगार साबित होगा।

### सिस्टम की खूबियां?

यह प्रणाली डॉ. रेमन मोर ने अपने एमवीएससी शोध कार्य के दौरान डॉ. अंकित कुमार के मार्गदर्शन में विकसित की है। यह मुख्य रूप से पशु में रोग के लक्षणों का वैज्ञानिक विश्लेषण कर बीमारी को तुरंत पकड़ने, वह किस स्तर पर पहुंच चुकी है, इसका सटीक अंदाजा लगाने, वैज्ञानिक पद्धतियों के आधार पर सटीक दवा और उपचार तय करने व रोग गंभीर होने पर पशु को खून चढ़ाने की जरूरत है या नहीं, इसका निर्णय लेने में मदद करती है।

### थपथपाई वैज्ञानिकों की पीठ

इस उपलब्धि के बाद अनुसंधान टीम ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा से शिष्टाचार भेंट की। कुलपति ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह नवाचार लुवास की अनुसंधान संस्कृति, वैज्ञानिक सोच और तकनीक के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

### ये है टीम

इस कामयाबी में डॉ. रेमन मोर, डॉ. अंकित कुमार, डॉ. तरुण कुमार, डॉ. नीलेश सिंधु, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. सुखदीप वोहरा, डॉ. बिस्वा रंजन महाराणा तथा डॉ. अंकित मगोत्रा का मुख्य योगदान रहा। इस मौके पर विवि की अनुसंधान निदेशक डॉ. सुशीला मान, मानव संसाधन एवं प्रबंधन निदेशक डॉ. सोनिया सिंधु तथा स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. सुखदीप वोहरा समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

शोक संदेश



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे आदरणीय
एडवोकेट श्री श्रवण कुमार सिहाग
सुपुत्र स्व. श्री अमरचंद सिहाग
Retd. D.D.A. (उप जिला न्यायवादी, हरियाणा सरकार)
का स्वर्गवास बुधवार, दिनांक 01.07.2026 को हो गया है ।
उनकी आत्मिक शांति हेतु
शोक बैठक गांव भैणी बादशाहपुर,
तहसील बरवाला, जिला हिसार में
02.07.2026 से 12.07.2026 तक रखी गई है ।
शोकाकुल परिवार
श्रीमती संतोष देवी (धर्मपत्नी)
एडवोकेट अरुण सिहाग (पुत्र)
हेमन सिहाग (पौत्र) एवं समस्त सिहाग परिवार ।
मंगलम एसोसिएट्स (लीगल फर्म), डेल्टा एंटरप्राइजेज
संपर्क
7483300001, 8963000027